सार-समाचार

स्काउट्स राष्ट्रीय जंबूरी के लिए रवाना

पाटन (निसं)। भारत स्काउट्स एंड गाइड्स द्वारा आयोजित 19वीं राष्ट्रीय जंबूरी, लखनऊ में फिर से परचम फहराने के उद्देश्य से स्थानीय संघ पाटन के महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, छाजा की नांगल के स्काउट्स को आज हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित इस शुभ अवसर पर स्काउट प्रभारी प्रकाश चंद्र गुर्जर सहित सभी प्रतिभागी स्काउट्स को अग्रिम शुभकामनाएं प्रदान की गई। स्थानीय संघ सचिव महेश कुमार योगी ने बताया कि जंबूरी एक राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित प्रतियोगिता होती है, जिसमें लगभग 25 प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं और पूरे देश से स्काउट्स भाग लेते हैं। उन्होंने गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि पूर्व में आयोजित डायमंड जंबूरी, त्रिचि (तमिलनाडु) में भी विद्यालय के स्काउट्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सिग्नलिंग प्रतियोगिता में भारत में प्रथम स्थान प्राप्त कर इतिहास रचा था।कार्यक्रम में गांव के अभिभावकों कैलाश यादव एवं धर्मपाल एडवोकेट ने बच्चों को मालाएं पहनाकर उनका उत्साह बढ़ाया। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रकाश चंद्र मीणा ने स्काउट्स के प्रति अपने स्नेह और मार्गदर्शन को दोहराते हुए उन्हें जंबूरी में श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन राजेश स्वामी ने किया तथा पूर्व सचिव शीशपाल सैनी ने स्काउट्स की गतिविधियों की जानकारी साझा की। कार्यक्रम में उप प्रधानाचार्य महेंद्र सोनी, लीलाराम मीणा, ग्यारसी लाल सैनी, रोहित सैनी, पूरणमल गुर्जर, लीलाराम यादव, शिव कुमार वर्मा, कुसुमलता यादव, सुमन शर्मा, बाला देवी, पूनम वर्मा, सरोज, अनीता, सुशील कुमार सोलंकी, रघुवीर सिंह, सोनू समेत कई गणमान्य उपस्थित रहे।

निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

सीकर (निसं)। एन.एच. 52 स्थित स्वामी केशवानन्द शिक्षण संस्थान समूह, भढाढर, सीकर में टाटा फाउन्डेशन की सहायता से बाल दिवस पर ओपन बुक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों को चाचा नेहरू की जीवनी व उनके जीवन से प्रेरणा प्राप्त करने हेतु संस्थान के कॉलेज प्राचार्य ललित किशोर तंवर ने उनके जीवन पर आधारित विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। निबंध रचना का विषय "यूथ किस प्रकार भारत के विकास में सहायता कर सकते है ?" पर 810 प्रतिभागी विद्यार्थियों ने जूनियर व सीनियर स्तर पर हिस्सा लिया। जानकारी देते हुए उप प्रधानाचार्य जुगलकिशोर जांगिड़ ने बताया कि जूनियर व सीनीयर स्तर पर हुई प्रतियोगिता में दीप्ती, रितिका, अरविन्द व बलराम ने स्वर्ण पदक, प्रियांशु, पल्लवी, विकास चौधरी व पायल शर्मा ने रजत पदक एवं गुंजन तंवर, तनवी शर्मा, आवेश खान व आनन्दी ने रजत पदक प्राप्त किये। इस अवसर पर संस्थान निदेशक रामनिवास ढाका व संस्थान चैयरमेन सुरेन्द्र सिहं ने सभी विजेता विद्यार्थियों को मैडल, प्रमाण पत्र एवं पुस्तक भेंट कर सम्मानित किया।

महाविद्यालय में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन

झुंझुनूं, (निसं)। श्री राधेश्याम आर मोरारका राजकीय महाविद्यालय में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन हुआ। प्राचार्य प्रोफेसर सुरेंद्रसिंह ने बताया कि कॅरिअर काउंसिल एवं प्लेसमेंट सेल शुभ शिक्षा नई दिल्ली एवं मणिपाल एकेडमी बेंगलुरू के संयुक्त तत्वावधान में एक्सिस बैंक, एचडीएफसी एवं आईसीआईसीआई बैंक में सहायक प्रबंधक के पद के लिए प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। कॅरिअर काउंसिल एवं प्लेसमेंट सेल प्रभारी डॉ. संजीव कुमार ने सहायक प्रबंधक पद की योग्यता, वेतन एवं चयन प्रकिया के बारे में बताया। शुभ शिक्षा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डोली झा ने सहायक प्रबंधक पद पर चयनित होने के पश्चात होने वाली ट्रेनिंग के बारे में विस्तार से बताया। मणिपाल एकेडमी ऑफ बीएफएसआई के स्टेट हैड मिथिलेश कुमार तिवारी ने पीपीटी के माध्यम से मणिपाल एकेडमी का वर्चुअल अवलोकन करवाया। शुभ शिक्षा के प्रबंधक अनिता जैन ने बैंक में सहायक प्रबंधक पद पर नियुक्ति पश्चात पदस्थापन संबंधी जानकारी दी।

एस.आई.आर.पर प्रशिक्षण

सीकर (निसं)। एन.एच. 52 स्थित स्वामी केशवानन्द पीजी कॉलेज, भढाढर, सीकर में निर्वाचन आयोग द्वारा गठित एसआईआर पैनल के द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जानकारी देते हुए कॉलेज प्राचार्य ललित किशोर तंवर ने बताया कि भारत दुनियां का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है किन्तु अभी भी लोकतंत्र सफल नहीं हो पाया है क्योंकि एक ही मतदाता कई निर्वाचन क्षैत्रों मे रजिस्टर्ड है। रामचन्द्र प्रधानाचार्य राजकीय उ0मा0 विद्यालय गोठड़ा भूकरान ने एसआईआर पर जानकारी देते हुए बताया कि महाविद्यालय के छात्र छात्राओं को जब तक जागरूक नहीं किया जायेगा तब तक इस मिशन की कोई प्रासंगिकता नहीं रह जायेगी। इस प्रशिक्षण शिविर में कन्हैया लाल मेवता प्रधानाचार्य, अर्जुनपुरा ने बताया कि एसआईआर 2002 में हुआ था उसके बाद अभी 2025 में हो रहा है। उन्होने एसआईआर की आनलाईन व आफलाईन आवेदन की जानकारी दी। इस प्रशिक्षण शिविर में संस्था चैयरमेन सुरेन्द्र सिंह ने आगन्तुक प्रशिक्षकों को बधाईयां प्रेषित की। इस आयोजन में सहनिदेशक गोपाल सिंह एवं राकेश थालौड़, सहायक प्रोग्रामर उपस्थित रहे।

ईको फ्रेंडली कैरी बैग्स का वितरण

बीदासर (निसं)। अणुव्रत समिति बीदासर द्वारा पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने हेतु ईको फ्रेंडली कैरी बैग्स का वितरण किया गया। समिति के मंत्री नवल किशोर मीणा ने बताया कि आज सेठ दुलीचन्द सेठिया राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में समान परीक्षा के प्रश्न पत्र प्राप्त करने हेतु आए राजकीय एवं निजी विद्यालयों के प्रतिनिधियों को पर्यावरण अनुकूल कैरी बैग प्रदान किए गए। इस अवसर पर जल, मृदा, वायु और ध्वनि प्रदूषण से मुक्ति हेतु सभी से सकारात्मक सहयोग एवं जागरूकता बढ़ाने की अपील की गई। प्रधानाचार्य हेमराज मेघवाल ने अणुव्रत समिति का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय परिवार पर्यावरण संरक्षण के हर प्रयास में सक्रिय सहयोग हेतु सदैव तत्पर रहेगा।

फसल बीमा योजना की बैठक आज

सीकर (निसं)। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के सफल क्रियान्वयन, फसल बीमा क्लेम के निस्तारण तथा बीमा संबंधी प्राप्त शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए गठित जिला स्तरीय निगरानी समिति एवं जिला स्तरीय शिकायत निराकरण समिति की बैठक जो पूर्व में 24 नवम्बर 2025 को सांय 4 बजे कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की जानी थी, अब 21 नवम्बर 2025 को सायं 5 बजे जिला कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में आयोजित की जाएगी।

विद्यालय में हॉल निर्माण के लिए 6 लाख रुपये दिए

तारानगर (निसं)। तारानगर के गाँव कालवास निवासी एवं नोहर के पूर्व विधायक हाल जयपुर निवासी भामाशाह अशोक गोदारा ने शिक्षा उन्नयन की दिशा में सराहनीय योगदान करते हुए कालवास की महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में नवीन हॉल निर्माण के लिए 6 लाख रुपये की राशि प्रदान की है। सीबीईओ कार्यालय स्टाफ ने सीबीईओ बबलेश शर्मा के नेतृत्व में अशोक गोदारा का इस नेक कार्य के लिए आभार व्यक्त किया।

वार्षिकोत्सव के समापन पर विजेताओं को सम्मानित किया

चूरू (निसं)। श्रीऋषिकुल ब्रह्मचर्याश्रम में तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव पर अतिथियों ने प्रतिभाओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम में छात्रों ने कला, विद्वत्ता और निष्ठा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस अवसर पर 'कौन बनेगा वाचस्पति' प्रतियोगिता की प्रारम्भिक परीक्षाएं आयोजित की गई। जिसमें प्रतिभागियों ने शास्त्रीय ज्ञान, श्लोक-पाठ, एवं संस्कृत व्याकरण की सूक्ष्मताओं का प्रभावी प्रदर्शन किया।

इस मौके पर शिवताण्डव नृत्य की ओजस्वी प्रस्तुति आकर्षण का केन्द्र रही। आश्रम के ब्रह्मचारियों ने बालकवि सम्मेलन कवियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से भक्ति, ज्ञान और राष्ट्रभावना के विविध रंग उपस्थित जनसमूह के समक्ष उकेरे। दूसरे दिन प्रातकालीन सत्र का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन और वेद मंत्रोच्चारण से किया गया।

तत्पश्चात विद्यार्थियों ने विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम में श्लोक वाचन, संस्कृत नाटिका, स्तोत्र-प्रस्तुति, संस्कृत भाषण आदि की प्रस्तुतियों ने छात्रों की विद्वत्ता व संस्कृत-प्रेम को उजागर किया। द्वितीय सत्र की शुरुआत आश्रम-गीत ने आश्रम की मर्यादा, अनुशासन और आध्यात्मिक जीवन के आदर्शों को प्रतिबिंबित किया।

फिर दण्डी स्वामी महाराज ब्रह्मानंद सरस्वती ने ब्रह्मचर्य, संस्कृति-संरक्षण, शास्त्राध्ययन,वाक्चातुर्यता और जीवनदृअनुशासन के महत्व पर प्रेरक विचार व्यक्त किए। उन्होंने उपलक्षण, सत्यान्वेषण एवं चरित्र निर्माण की महत्ता को समझाते हुए ऋषि उपमन्यु और सत्यकाम जाबाल की कथाओं का वर्णन किया। इन कथाओं के माध्यम से उन्होंने सत्य, निष्ठा, धैर्य, गुरु-भक्ति, और आत्मबल जैसे जीवन-मूल्यों को सरल एवं प्रभावशाली ढंग से उपस्थित जनसमूह तक पहुँचाया। संध्या काल में सीताहरण नाटक का मंचन किया गया। इस अवसर पर कौन बनेगा वाचस्पति' प्रतियोगिता में ब्रह्मचारी श्रवण सारस्वत ने प्रथम स्थान प्राप्त कर आश्रम का गौरव बढ़ाया।

वार्षिकोत्सव के तिसरे दिन आध्यात्मिक सौम्यता और सांस्कृतिक विविधता से परिपूर्ण रहा। दूसरे सत्र में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में मुदगर प्रदर्शन योग-नृत्य, पिरामिड प्रदर्शन, भक्त प्रह्लाद पर आधारित नाटिका आदि का मंचन किया गया।

वार्षिकोत्सव के समापन पर ब्रह्मानंद सरस्वती ने विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। आश्रम के प्राचार्य भवानी शंकर शर्मा ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर संस्था के न्यासी, प्राचार्य, व्यवस्थापक, अतिथि, आचार्य, ब्रह्मचारी व अभिभावक आदि उपस्थित रहे। व्यवस्थापक ईश्वर सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया।



श्रीऋषिकुल ब्रह्मचर्याश्रम में तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव पर अतिथियों ने प्रतिभाओं को सम्मानित किया।

उप राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान 23 से

सीकर, (निसं)। चिकित्सा विभाग की ओर से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सघन पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान 23 नवम्बर से आयोजित किया जाएगा। अभियान के तहत शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को अभियान के पहले दिन बूथों पर एवं शेष दो दिन जो किसी कारणवश बूथ पर नहीं लाए गए बच्चों को स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा घर घर जाकर ओरल पोलियो वैक्सीन की खुराक पिलाई जाएगी।

जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विशाल सिंह ने बताया कि जिले की अनुमानित जनसंख्या 31 लाख 63 हजार 526 है। अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए जिले के शून्य से पांच वर्ष तक के दो लाख 40 हजार बच्चों को पोलियो खुराक पिलाए जाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए जिले में दो सदस्य वाले 3223 बूथ स्थापित किए जाएंगे। घर घर भ्रमण के लिए 3223 टीमें बनाई गई हैं। इसके साथ ही 45 ट्रांजिट टीमें, 15 मोबाइल टीमें, 100 वैक्सीन डिपों, 328 सुपरवाइजर, 187 सैक्टर अधिकारी, 13 जोनल अधिकारी नियुक्त किए जाएंगे। अभियान में 6894 कार्मिक लगाए जाएंगे।

अभियान के लिए प्रकोष्ठ प्रभारी एवं जोनल अधिकारियों के नियुक्ति आदेश जारी किए जा चुके हैं तथा सैक्टर अधिकारी, सुपरवाइजर, वैक्सीन डिपो प्रभारी एवं वैक्सीनेटर के नियुक्ति आदेश संबंधित उपखण्ड अधिकारी एवं बीसीएमओ द्वारा जारी किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि अभियान के सफल संचालन के लिए जिला स्तर एवं ब्लॉक स्तर पर नियंत्रण कक्ष एवं पल्स पोलियो सैल स्थापित की जाएगी।

उप राष्ट्रीय पल्स पोलिया टीकाकरण अभियान के 23 नवम्बर से 25 नवम्बर को नियमित भ्रमण कर महाभियान का पर्यवेक्षण करने के लिए जिला स्तरीय अधिकारियों को ब्लॉक आवंटित किए गए हैं। सीएमएचओ डॉ अशोक महरिया ने बताया कि जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विशाल सिंह को पलसाना, दांता, पिपराली, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ हर्षल चौधरी को लक्ष्मणगढ़, फतेहपुर, नेछवा, उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ निर्मल सिंह को खण्डेला, कूदन, जिला औषधि भण्डार के जिला परियोजना समन्वयक डॉ सीपी ओला को नीमकाथाना, पाटन, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ रतनलाल जाट को श्रीमाधोपुर, अजीतगढ, श्री कल्याण अस्पताल के चिकित्सा अधिकारी डॉ नरेंद्र मिश्रा को सीकर शहर आवंटित किया गया है।

ये सभी अधिकारी महाभियान के तहत 23 से 25 नवम्बर तक नियमित भ्रमण कर पर्यवेक्षण करेंगे और अपनी रिपोर्ट शाम को सात बजे आरसीएचओ कक्ष में देंगे।

पुण्य स्मृति में सीमार परिवार ने जरूरतमंदों को गर्म वस्त्र व भोजन सामग्री वितरित की

रतनगढ़ (निसं) नगर के शीतला चौक के पास स्थित राधा कृष्ण कुंज में श्याम परिवार संघ द्वारा वार्षिक सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम समाजसेवी एवं पूर्व पार्षद महेश कुमार मीना देवी सीमार के आर्थिक सौजन्य से स्वर्गीय जगन्नाथ सीमार की पुण्य स्मृति में आयोजित किया गया, जिसमें जरूरतमंदों को खाद्य सामग्री के पैकेट व गर्म वस्त्र प्रदान किए गए।

सामाजिक सरोकारों को समर्पित इस आयोजन में बड़ी संख्या में लाभार्थी पहुंचे और सेवा भाव से किए गए इस कार्य की प्रशंसा की। इस अवसर पर श्याम परिवार संघ के लक्ष्मीनारायण बंसिया ने कहा कि सेवा करना मनुष्य का सर्वोच्च धर्म है। उन्होंने बताया कि संघ हर वर्ष समाज की आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों तक सहायतार्थ सामग्री पहुंचाने का कार्य करता है और आगे भी यह सेवा भावना निरंतर जारी रहेगी। श्याम परिवार के अध्यक्ष समाजसेवी महेश सीमार ने कहा कि समाज में जरूरतमंदों तक सहयोग पहुंचाना ही सच्ची मानवता है। उन्होंने कहा कि स्व. जगन्नाथ सीमार सदैव सेवा कार्यों में अग्रणी रहे और उनकी स्मृति में किया गया यह आयोजन उनके आदर्शों का पालन करते हुए समाजसेवा को निरंतर आगे बढ़ाने का संकल्प है। संघ के सभी सदस्यों और सहयोगियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसरगिरधारीलाल सीमार ने उपस्थित सभी सदस्यों एवं सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त किया और कहा कि श्याम परिवार संघ ने सदैव रतनगढ़ क्षेत्र में सेवा एवं परोपकार की मिसाल कायम की है।

आमजन की समस्याओं का जल्द से जल्द निस्तारण करने के निर्देश दिए

बीदासर (निसं)। पंचायत समिति साधारण सभा की बैठक गुरुवार को पंचायत समिति सभागार में प्रधान संतोष मेघवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। साधारण सभा की बैठक में सुजानगढ़ विधायक मनोज मेघवाल भी मौजूद रहें।

बैठक के दौरान पेयजल समस्या एवं आपणी योजना, बिजली, शिक्षा एवं एमडीएम, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, सडक, महिला एवं बाल विकास विभाग, पंचायती राज विभाग, मनरेगा वार्षिक कार्य योजना सहीत अनेक मुद्दों पर चर्चा की गई।

बीडीओ राजूराम सैनी ने बैठक कार्रवाई का पठन रखा। बैठक के दौरान पंचायत समिति सदस्य अंकित सारण ने कातर छोटी में गत दिनों एक निजी स्कूल में छात्र के साथ हुई मारपीट का मुद्दा उठाते हुए कार्रवाई की मांग की।

जिस पर सीबीईओ किशनलाल गहनोलिया ने कहां छात्र के साथ हुई मारपीट की घटना को लेकर रिपोर्ट बनाकर उच्चाधिकारियों को भेजी हुई है।

■ पंचायत समिति साधारण सभा की बैठक आयोजित हुई

जिला परिषद सदस्य सोहनलाल लोहमरोड ने तेहनदेसर जोधपुर डिस्कॉम के सहायक अभियंता द्वारा किसानों को खराब ट्रांसफार्मर देने का मुद्दा उठाते हुए किसानों को वापिस सही ट्रांसफार्मर देने व उनका परिवहन का खर्चा संबंधित विभाग द्वारा वहन करने की मांग की। पंचायत समिति सदस्य हडमानाराम ने ट्यूबवेल सम्बंधित समस्याओं का मुद्दा उठाया।

पंचायत समिति सदस्य ढाणी कालेरा द्वारा गैसगौदाम से रामदेवरा मे बनाई गई सडक में अधिक घुमाव होने के कारण दुर्घटना के बारे में व ग्राम रामदेवरा में बन रहे सोलर प्लांट मालिक द्वारा स्वीकृति से अधिक पेड काटने व नये पेड नहीं लगाने की मांग उठाई। विधायक मनोज मेघवाल ने कहा की पांच वर्षों के कार्यकाल में जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने इलाकों में जो काम करवाएं है उन्हें जनता हमेशा याद करेगी।

विधायक मेघवाल ने बैठक के दौरान जनप्रतिनिधियों द्वारा सदन में गांव के विकास या अन्य समस्याओं के सम्बंध में रखी गई समस्याओं का जल्द से जल्द निस्तारण करने व खराब पडे ट्यूबवैलों रेडा, हापाणताल गिरवरसर के बारे में संबंधित अधिकारियों को सही जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए।

बैठक के अंत में प्रधान संतोष मेघवाल और विधायक मनोज मेघवाल ने पांच वर्षों का कार्यकाल पूरा होने पर पंचायत समिति सदस्यों, जिला परिषद सदस्यों और सरपंचों का कार्यकाल पूरा होने पर प्रतिक चिन्ह और शाल ओढाकर सम्मानित किया।

सभा की बैठक में एसडीएम अमीलाल यादव, तहसीलदार अमरसिंह बोचला, विकास अधिकारी राजूराम, उप प्रधान शोभसिंह सोढा सहित पानी, बिजली, चिकित्सा, पीडब्ल्यूडी सहित अनेक विभागों के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

एसआईआर में शत-प्रतिशत कार्य पर दो बीएलओ सम्मानित

सीकर (निसं)। सीकर जिले के नीमकाथाना उपखंड क्षेत्र में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य तेजी से प्रगति पर है तथा बुधवार तक कुल 38.64 प्रतिशत कार्य पूरा किया जा चुका है। एसआईआर कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण करने पर बूथ संख्या 16 के बीएलओ विक्रम सैनी, शिक्षक राउप्रावि निझर श्यालोदडा और बूथ संख्या 94 के बीएलओ विजेंद्र कुमार मीणा, वरिष्ठ शिक्षक राजकीय सी.से. स्कूल डोकन को उपखंड अधिकारी राजवीर यादव एवं तहसीलदार अभिषेक सिंह द्वारा सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह के दौरान तहसीलदार अभिषेक सिंह, नायब तहसीलदार देवीलाल चौधरी, सज्जन कुमार सहित अन्य कार्मिक उपस्थित रहे। उपखंड अधिकारी राजवीर यादव ने बताया कि नीमकाथाना विधानसभा क्षेत्र में कुल 2,76,059 मतदाताओं में से अब तक 1,06,941 मतदाताओं के फॉर्म ऑनलाइन किए जा चुके हैं। बीएलओ द्वारा घर-घर फॉर्म वितरण किया जा चुका है तथा भरे हुए फॉर्मों का संग्रहण कर उनकी ऑनलाइन प्रविष्टि का कार्य निरंतर जारी है। उन्होंने एसआईआर कार्य को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने हेतु संबंधित कार्मिकों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

मंढ़ा मोड़ स्थित श्री दक्षिणमुखी संकट मोचन हनुमान धाम मंदिर का वाषक महोत्सव 27 को

सीकर, (निसं)। पलसाना के मंढ़ा मोड़ स्थित श्री दक्षिणमुखी संकट मोचन हनुमान धाम मंदिर का वाषक महोत्सव एवं साकेत प्रयाणोत्सव 27 नवंबर गुरूवार को मनाया जायेगा। मंदिर के महंत श्री गुरूदास महाराज ने बताया कि मंदिर में कई धार्मिक कार्यक्रमों के साथ श्री सद्गुरू देव एवं दादा गुरू मूर्ति स्थापना व श्री दक्षिणमुखी बालाजी महाराज, शिवजी व श्री माता का वार्षिक महोत्सव मनाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि अग्रपीठाधीश्वर साकेतवासी श्री स्वामी डॉ. राघवाचार्यजी महाराज व सालग्रामाचार्यजी महाराज की मूर्ति स्थापना भी की जाएगी। धार्मिक कार्यक्रम रैवासा मंदिर के अग्रपीठाधीश्वर एवं मलूकपीठाधीश्वर परम पूज्य स्वामी श्री राजेंद्रदास देवाचार्यजी महाराज के संरक्षकत्व में संपन्न होंगे।

उन्होंने बताया कि सुबह 11.15 बजे साकेतवासी श्री सालग्रामाचार्य जी महाराज व डॉ. श्री राघवाचार्य जी महाराज की प्रतिमा का अनावरण होगा। सुबह 11.30 बजे वार्षिक महोत्सव व अभिषेक होगा। दोपहर 12.30 बजे दीप प्रज्वलन व दोपहर 1 बजे विद्वान संतों व अतिथियों का उद्बोधन होगा।

उन्होंने बताया कि पावन सानिध्य त्रिवेणी धाम के रामरिछपालदास महाराज, कालाकोट के श्री बलदेवादास महाराज, अरणिया धाम के श्री महंत हरिदास महाराज, ढहर का बालाजी के श्री हरिशंकरदास महाराज, श्री महंत बालमुकुंदाचार्य महाराज, पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती, अंजनी हनुमान धाम चौमूं के श्री महामंडलेश्वर हरिकृष्णदास, सिंगोद के श्री महंत औंकारदास महाराज, हैदराबाद के श्री संत भंवरदास महाराज, महरोली के श्री महंत शत्रुधनदास महाराज व दयालपुरा धाम के श्री महंत माधवदास का रहेगा।

■ साकेतवासी श्री स्वामी डॉ. राघवाचार्यजी व सालग्रामाचार्यजी महाराज की मूर्ति स्थापना होगी

उन्होंने बताया कि मुख्य यजमान तेजल कॉलेज के बाबुलाल यादव, जगदीश प्रसाद, मनोहर, राजेश, द्वारका प्रसाद, हैदराबाद के अरविंद, मलबली के घनश्याम व हैदराबाद के महावीर दास होंगे।

मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी, राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी, श्याम मंदिर कमेटी के अध्यक्ष पृथ्वीसिंह चौहान, मंत्री मानवेंद्र सिंह चौहान, कोषाध्यक्ष कालूसिंह चौहान व पूर्व अध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान होंगे।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि यूडीएच मंत्री झाबरसिंह खर्रा, विहिप अखिल भारतीय सेवा प्रमुख व केंद्रीय मंत्री अजय कुमार पारीक, आरएसएस के प्रांत प्रचारक बाबुलाल, सह प्रांत प्रचारक विशाल, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुभाष महरिया, हवामहल विधायक बालमुकुंदाचार्य, खंडेला विधायक सुभाष मील, पूर्व सांसद सुमेधानंद सरस्वती, गजानंद कुमावत, आशीष तिवाड़ी, सुरेंद्र गोयल, जनकजन, व हैदराबाद के संत भंवरदास महाराज होंगे।

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई-निविदा सूचना

वरि. मंडल बिजली इंजीनियर/सामान्य, उ.प. रेलवे,बीकानेर, भारत के राष्ट्रपति के वास्ते व उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित करते है। **1. सम्पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाइट का पता : http://www.ireps.gov.in 2. ई-निविदाएं बंद होने की तिथि व समय : 10.12.2025** को **15.00** बजे तक **3. ई-निविदाएं खोलने की तिथि व समय : 10.12.2025** को **15.00** बजे के बाद **निविदा संख्या :** 25-इलेक्ट/बीकेएन/ई-निविदा/25-26 **कार्य का विवरण :** Electrical work in c/w provision of leftover work of construction of Electric Loco Trip shed including track work and misc/ other allied works at Lalgarh yard in c/w Railway Electrification in SDLP-RTGH-BKN-LGH section of Gr.238 in NWR and electrical work for work for shifting of ARF at other location in LGH yard to facilitate terminal in Lalgarh junction. **अनुमानित लागत (रूपये) :** रू. 85,69,600/- **धरोहर रूपये :** रू. 1,71,400/- **निविदा दस्तावेज लागत :** निल

1491-DR/25

हमें /NWRailways NWRailways_पर फॉलो करें

डाइट में तीन दिवसीय एस.ई.ई.एल. प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ

चूरू (निसं)। डाइट प्राचार्य डॉ. गोविन्द सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में सामाजिक-भावनात्मक एवं नैतिक अध्ययन एसईईएल डीआरयू-3 के अंतर्गत तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ गुरुवार को हुआ। यह प्रशिक्षण राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान परिषद, उदयपुर द्वारा जारी पंचांग 2025-26 के अनुरूप आयोजित किया जा रहा है।

उद्घाटन सत्र में एसआरजी सुनील शर्मा तथा एसआरजी शिव कुमार शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने प्रशिक्षण के उद्देश्यों, एसईईएल मॉडल की अवधारणा तथा विद्यालयी शिक्षण में इसके उपयोग पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में पीरामल फाउंडेशन से अमन ख़ान ने सहयोगी के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने प्रशिक्षण की व्यवस्थाओं एवं क्रियान्वयन में सक्रिय योगदान दिया। यह प्रशिक्षण 20 से 22 नवंबर तक चलेगा, जिसमें प्रतिभागी शिक्षकों को सामाजिक-भावनात्मक अधिगम, नैतिक मूल्यों के विकास, कक्षा-परिस्थिति प्रबंधन तथा विद्यार्थी व्यवहार-समझ से संबंधित गतिविधियों एवं रणनीतियों का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

प्राचार्य डॉ. राठौड ने कहा कि शील प्रशिक्षण विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है और शिक्षकों को इसके मूल तत्वों को विद्यालयों में व्यवहारिक रूप से लागू करना चाहिए।

प्रथम दिन प्रशिक्षण में सभी शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सीखने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्शाई। कार्यक्रम का संचालन डीआरयू प्रभागाध्यक्ष प्रसन्ना मीणा ने किया।

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में सामाजिक-भावनात्मक एवं नैतिक अध्ययन एसईईएल डीआरयू-3 के अंतर्गत तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, सीकर

क्रमांक-LU2012/SIK/2025-26/100694 **लोक सूचना** दिनांक- 20.11.2025

श्री NANDLAL SAINI पुत्र श्री BHANWAR LAL जाति MALI निवासी KUDLI, SIKAR ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का वाणिज्य प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारी के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है अर्थात-

क्र. सं.	ग्राम तहसील व जिले का नाम	खातेदार का नाम	खसरा सं.	क्षेत्रफल (वर्गमीटर)	क्षेत्रफल (हैक्टे.)
1	घोराणा, सीकर (सीकर)	NANDLAL SAINI S/O BHANWAR LAL	1227/800	883	0.0883
				कुल	0.0883

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर अपनी एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 20.11.2025 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, सीकर

प्रारूप-10 (नियम 6(7) देखिए)

प्राधिकृत अधिकारी का कार्यालय नगर पालिका नीमकाथाना

क्रमांक-71 **लोक सूचना** दिनांक-20.11.2025

श्री सुरेश पुत्र श्री फूलचन्द जाति स्वामी, निवासी ढाणी स्यामीयो की महावा, नीमकाथाना हिस्सा पूर्ण ने इस कार्यालय मे नीचे उल्लेखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग औद्योगिक (कृषि आधारित उद्योग) हतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है अर्थात-

जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	खसरा संख्या	क्षेत्र
जिला सीकर तहसील नीमकाथाना	राजस्व ग्राम भराला पटवार हल्का महावा	662	0.5200 हैक्टेयर

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोह